तेरी किस्मत के ताले खुल जायेंगे | by Neeraj Patel

श्री राम जी के चरणों में मन को लगा ले रे
तेरी किस्मत के ताले खुल जायेंगे
ध्यान में उनके तू खुद को भुला ले रे
तेरी किस्मत के ताले खुल जायेंगे

काहे को बैठा तू होके लाचार
जीवन से तू रे भैया हिम्मत ना हार
रघुनन्दन के गुणगान ज़रा तू भी तो गुनगुना ले रे
तेरी किस्मत के ताले खुल जायेंगे
श्री राम जी के चरणों में.....

कलयुग में है केवल नाम आधारा
नाम लिए तो भव सिंधु हो पारा
84 लाख जन्मो का फेरा मिटा ले रे
तेरी किस्मत के ताले खुल जायेंगे
श्री राम जी के चरणों में.....

शबरी ने तो केवल नाम जपा था
यज्ञ हवन ना कोई दान किया था
नीरज तू भी अरे भैया तू भी
अरे काका तू भी क्यूँ ना यही विधि अपना ले
तेरी किस्मत के ताले खुल जायेंगे
श्री राम जी के चरणों में.....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a4%bf%e0%a4%b8%e0%a5%8d%e0%a4%ae%e0%a4%a4-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%a4%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%96%e0%a5%81%e0%a4%b2-%e0%a4%9c%e0%a4%be/